for enrolment of new customers for domestic gas. It is not possible at this stage to indicate the State-wise break-up of the connections to be released during 1978-79.

(c) The availability of LPG is expected to increase considerably from about 1980 onwards and giving connections to persons now registered may start on a significant scale only from then.

बीकानेर में उपरि पुल का निर्माण

3850. **चौ० हरी राम मक्कासर गोदारा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या बीकानेर रेलवे स्टेशन पर उपरि पुल न होने के कारण लाखों लोगों को बहुत कठिनाई होती है, और

(ख) बीकानेर रेलवे स्टेशन पर उपरि पुल बनाने के सुझावों पर कब तक अन्तिम निर्णय कर लिया जायेगा और उस पुल पर कितना रुपया खर्च होगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) (क) बीकानेर स्थित व्यस्त समपार गाड़ी गुजरते समय जब कभी सड़क यातायात के लिए बन्द रहता है तब सड़क उपयोगकर्ताओं को कुछ असुविधा होती है।

(ख) व्यस्त समपारों को ऊपरि सड़क पुलों निचले सड़क पुलों में बदलने के लिए रेलवे ने राज्य सरकार की स्वीकृति के लिए एक प्रस्ताव भेजा था, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक इसकी स्वीकृति नहीं दी है। राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही प्रस्ताव पर कार्यवाही की जा सकती है। प्रस्ताव की अनुमानित लागत अभी तक नहीं निकाली गयी है।

अनूपगढ़-फलौदी मीटर गेज लाइन

3851. **चौ० हरी राम मक्कासर गोदारा:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि।

(क) क्या अनूपगढ से फलौदी तक (राजस्थान) मे कोलायत होती हुई रेलवे की छोटी लाइन बनाने का सुझाव प्राप्त हुआ है ;

(ख) क्या उनको इस बात की जानकारी है कि राजस्थान नहर के पूरा हो जाने के बाद इस क्षेत्र का विकास होने वाला है और इसलिये उपरोक्त लाइन आवश्यक है ; और

(ग) उपरोक्त सुझाव पर क्या निर्णय किया गया है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख) जी हां।

(ग) यह सुझाव रायसिंहनगर—अनूपगढ—छतरगढ—बीकानेर—कोलायत—फलौदी को जोड़ने वाली एक रेल लाइन के निर्माण के सम्बन्ध मे था (बीकानेर और कोलायत के बीच रेल सम्पर्क उपलब्ध है)। 1950 मे कोलायत—फलौदी रेल सम्पर्क के निर्माण के लिए अन्तिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण किया गया था जिससे यह पता चला था कि इस परियोजना (68.53 कि० मी०) पर 91.24 लाख रुपये खर्च होंगे (1950 के मूल्यों के आधार पर) और छठे वर्ष में इससे 1.27 प्रतिशत प्रतिफल प्राप्त होगा। अन्य रेल सम्पर्कों के लिए पहले कोई जाच पडताल नहीं की गयी थी। लेकिन, राजस्थान नहर के प्रथम चरण, जो पूरा हो चुका है, के कमान क्षेत्र से कृषि तथा अन्य उत्पादन की निकासी की तत्काल आवश्यकता को ध्यान में रख कर बीकानेर से छतरगढ (मीटर लाइन 80 कि० मी०) तक एक नयी रेल लाइन के निर्माण के लिए प्रारम्भिक इजीनियरी एव यातायात सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस लाइन के निर्माण के सम्बन्ध मे कोई निर्णय करना